पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की
किसानों का हुआ सम्मान

लखनऊः 23 दिसम्बर, 2018

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर विधान सभा प्रांगण स्थित उनकी प्रतिमा पर उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी तथा प्रदेश की जनता की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर 'किसान सम्मान दिवस' का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के किसानों को नगद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में कृषि मंत्री श्री सूर्यप्रताप शाही, गन्ना राज्य मंत्री श्री सुरेश राणा, भूमि विकास एवं जल संसाधन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री उपेन्द्र तिवारी, कृषि राज्यमंत्री श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री श्री मनोहर लाल कोरी, भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के अध्यक्ष श्री राजा वर्मा, मुख्य सचिव डा0 अनूप चंद पाण्डेय, प्रमुख सचिव सूचना श्री अवनीश अवस्थी सहित अन्य विशिष्टजन एवं बड़ी संख्या में कृषकजन उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को किसानों का मसीहा कहा जाता है। चौधरी चरण सिंह ने देश के प्रधानमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा देश की आजादी में योगदान देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। जमींदारी उन्मूलन और किसानों के लिए बैंक की स्थापना के लिए उनके सहयोग के कारण मौलिक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि किसानों के प्रति उनके समर्पण के कारण उन्हें सम्मान से देखा जाता है।

श्री नाईक ने कहा कि किसान देश के राजा और अन्नदाता हैं। देश का किसान अनपढ़ नहीं है। किसानों ने सराहनीय कार्य किया है। देश जब आजाद हुआ था तब से हमारी आबादी तीन गुना बढ़ी है, 1950 में हम खाद्यान के मामले में आत्मनिर्भर नहीं थे। आज देश की आबादी लगभग 135 करोड़ है पर हम खाद्यान के मामले में आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ निर्यात की स्थित में भी हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की आय को दोगुनी करने का आह्वाहन किया है। उन्होंने कहा कि संकल्प करें कि किसानों की आय दोगुनी हो, यह चौधरी चरण सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह ने सीमान्त किसानों को राजस्व छूट, भूमि सुधार, जमींदारी उन्मूलन, किसानों के लिए बैंक स्थापना आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। चौधरी चरण सिंह ने किसानों का प्रतिनिधित्व करते हुये उनके लिए संघर्ष किया तथा उन्हें सम्मान और स्वावलम्बन का मार्ग दिखाया। चैधरी चरण सिंह का मानना था कि देश की समृद्धि का रास्ता खलिहान से होकर जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उनके सपनों के अनुरूप काम कर रही है।

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने समारोह में गेंहू, चना, मटर, धान, मक्का, अरहर व अन्य दालों की खेती करने वाले किसानों एवं दुग्ध, जैविक खेती एवं औषधीय खेती करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया।

अंजुम/दिलशाद/राजभवन (492/23)



भारत के पूर्व प्रधानमंत्री
स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी
की
116 वीं जयंती
लाइट हाउस